**पंजीकरण खुल गया हैं: आजीविका शिक्षण समुदाय**

RRI की २०२३ में घटित वैश्विक रणनीति बैठक में व्यक्त की गई जरूरतों पर आधारित, राइट्स एंड रिसोर्सेज इनिशिएटिव (RRI) द्वारा संचालित, यह हमारे गठबंधन के लिए एक रोमांचक नया शिक्षण कार्यक्रम है।

*आपके समुदाय या संस्था / संगठन के २-३ सदस्यों के साथ* – **३१ मई २०२४ तक यहाँ पंजीकरण करें**

*[पंजीकरण और चयन मानदंड पर अधिक विवरण नीचे दिया गया है]*

## आजीविका शिक्षण समुदाय क्या है?

आजीविका शिक्षण समुदाय, एक **निःशुल्क, ५ सप्ताह की ऑनलाईन और सहजकर्ताओं द्वारा चलाई जाने वाली एक शिक्षण / प्रशिक्षण की स्पेस** होगी. जिनकी प्रोफाइल, प्रतिभागी प्रोफाइल से मेल खाती हैं 👉, ऐसे RRI गठबंधन के सदस्यों के लिए यह स्पेस / जगह होगी।

इसमें शामिल होंगे:

- प्रतिभागियों द्वारा, लघु पाठन, वीडियो और असाइनमेंट की समीक्षा अपने घर से ही की जाएगी।
- सहजकर्ताओं द्वारा ज़ूम पर एक साप्ताहिक लाइव सत्र, जिसमें समुदाय-आधारित आजीविका के विकल्प बनाने में सक्रिय रहें, वक्ताओं से चर्चा करना और उनके जीवनानुभव को सुनना। इसमें सामूहिक सीखने की प्रक्रिया और प्रस्तुतीकरण भी शामिल हैं।
- प्रश्न पूछने, विचार साझा करने, एकदूसरे को प्रेरणा देने और प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए, एक संचालित, निजी WhatsApp चैट भी होगी।

**सीखने के मकसद :**

यह पाठ्यक्रम (कोर्स) प्रतिभागियों के लिए स्थायी आजीविका के बारे में एक ‘परिचय’ या जानकारी की तरह होगा. इसमें स्वदेशी (मूलनिवासी) लोग, अफ़्रीकी–वंशज लोग, स्थानीय समुदाय के लोग और उन्हीके साथ-साथ स्थानीय स्तर पर की आजीविका विकल्प की पहल करनेवाले ‘परियोजना प्रबंधक’ भी शामिल हो सकते हैं। हम स्थायी आजीविका को समझने के लिए महत्वपूर्ण विषयों और केस अध्ययनों पर ज़ोर देंगे। हम उम्मीद करते हैं, ‘महिलाओं और युवाओं के लिए अवसर’ पर विशेष ध्यान देने के साथ साथ, नई आजीविका और आय-सृजन गतिविधियों के विकास को, हम बढ़ावा दे सके, ऐसी पहल को प्रेरित कर सकें।

**<u>समय की प्रतिबद्धता</u>**:

| | |
|---|---|
| **तारीख:** | जून १७ – जुलाई १९, २०२४ (५ सप्ताह)<br><br>आप पाठ्यक्रम (कोर्स) की पूरी अवधि में भाग लेने के लिए प्रतिबद्ध होंगे और लाइव सत्र में भी सहभाग लेकर, RRI के इस नए कार्यक्रम में आपका समर्थन देंगे, यह अपेक्षा करते हैं। |
| **साप्ताहिक समय की प्रतिबद्धता** | **हर सप्ताह ४ घंटे**<br><br>स्व-निर्देशित ऑनलाइन अध्ययन: **२ घंटे / सप्ताह**<br><br>ज़ूम पर लाइव सत्र: **प्रत्येक सप्ताह २ घंटे का सत्र (बीच में एक स्ट्रेचिंग ब्रेक होगा)** |

| | |
|---|---|
| **लाइव सत्र की तारीख** | निम्नलिखित तारीख पर, UTC समय के अनुसार, बुधवार के दिन लाइव सत्र निर्धारित हैं:<br>• जून १९<br>• जून २६<br>• जुलाई ३<br>• जुलाई १०<br>• जुलाई १७<br>**टिप्पणी: नीचे दिए गए कुछ समय विकल्प एशिया समय क्षेत्र में अगले दिन (गुरुवार की सुबह) होंगे।* |
| **लाइव सत्र के दिन के समय** | पंजीकरणकर्ताओं की आवश्यकताओं का आकलन करने के बाद अंतिमतः लाइव सत्र के समय की पुष्टि की जाएगी।<br><br>**विकल्प १: 14:00 (१४:००) UTC**<br>8:00 - 10:00 (८:०० – १०:००) CST (मेक्सिको सिटी)<br>10:00 - 12:00 (१०:०० – १२:००) ETD (वाशिंगटन)<br>15:00 - 17:00 (१५:०० – १७:००) WAT (किंशासा)<br>19:30 - 21:30 (१९:३० – २१:३०) IST (नई दिल्ली)<br>19:45 - 21:45 (१९:४५ – २१:४५) NPT (काठमांडू)<br>21:00 - 23:00 (२१:०० – २३:००) WIB (जकार्ता)<br>*अन्य टाईम झोन (समय क्षेत्र) के लिए, यहां क्लिक करें।*<br><br>**विकल्प २: 18:00 (१८:००) UTC**<br>12:00- 14:00 (१२:०० – १४:००) CST (मेक्सिको सिटी)<br>14:00 - 16:00 (१४:०० – १६:००) ETD (वाशिंगटन)<br>19:00 - 21:00 (१९:०० – २१:००) WAT (किंशासा) |

| | |
|---|---|
| | ***एशिया के टाइम झोन (समय क्षेत्रों) के लिए यह लागू नहीं।*<br>*अन्य टाईम झोन (समय क्षेत्र) के लिए, यहां क्लिक करें।*<br><br>**विकल्प ३: 00:00 (००:००) UTC**<br>18:00 - 20:00 (१८:०० – २०:००) CST (मेक्सिको सिटी)<br>20:00 - 22:00 (२०:०० – २२:००) ETD (वाशिंगटन)<br>*5:30 - 7:30 (५:३० – ७:३०) IST (नई दिल्ली)**<br>*5:45 - 7:45 (५:४५ – ७:४५) NPT (काठमांडू) **<br>*8:00 - 10:00 (८:०० – १०:००) WIB (जकार्ता) **<br>***अगले दिन - गुरुवार प्रातः***<br>*अफ्रीका के टाइम झोन (समय क्षेत्रों) के लिए यह लागू नहीं।*<br>*अन्य टाईम झोन (समय क्षेत्र) के लिए, यहां क्लिक करें।* |
| **अंतिम प्रतिक्रिया** | पाठ्यक्रम (कोर्स) पूरा करने पर प्रतिभागियों को फीडबैक फॉर्म भरने के लिए कहा जाएगा। |

## पंजीकरण और (प्रतिभागी) चयन के मानदंड

## ३१ मई २०२४ तक यहाँ पंजीकरण करें

## अपने समुदाय या संस्था / संगठन से 2-3 अन्य लोगों के साथ पंजीकरण करें:

हम उन प्रतिभागियों को प्राथमिकता देंगे जो उस समुदाय या संगठन के 2-3 सदस्यों के साथ इस कोर्स में होस्सा लेंगे और अपने समुदाय और कार्यक्षेत्र में इस कोर्स से सीखे हुए कौशल और सीखी हुई जानकारी को साझा करने में सहायता के लिए प्रेरित हैं। उन समूहों को अतिरिक्त प्राथमिकता दी जाएगी जिनमें महिलाएं, बुजुर्ग और युवा लोग शामिल हैं।

आपमें से प्रत्येक को व्यक्तिगत रूप से पंजीकरण करना चाहिए, लेकिन कृपया पंजीकरण करते समय अपने भागीदारों / साथियों के नाम का उल्लेख ज़रूर करें।

## पाठ्यक्रम (कोर्स) की भाषा (भाषाएँ)

अपनी भाषा समझने की क्षमताओं और अनुवाद की आवश्यकताओं को कृपया पंजीकरण फॉर्म में साझा करें।

## उपकरण की ज़रूरत

ज़ूम पर लाइव सत्र में शामिल होने के लिए स्थिर इंटरनेट कनेक्शन के साथ कंप्यूटर का इस्तेमाल करें, इसका आग्रह / अनुशंसा हम करते है; लेकिन मोबाइल फोन का इस्तेमाल भी एक स्वीकार्य विकल्प है. आपको लघु लेख और अन्य लिखित सामग्री पढ़ने और यूट्यूब या इसी तरह के प्लेटफार्म पर लघु वीडियो देखने के लिए इन उपकरणों का उपयोग करना होगा। यदि इंटरनेट का उपयोग करने में कोई कठिनाई या बाधा होती है, तो कृपया पंजीकरण करते समय अपनी इन सारी आवश्यकताओं और कठिनाईयों का विवरण प्रदान करें।

## चयन प्रक्रिया

हम निम्नलिखित (मानदंड) के आधार पर प्रतिभागियों का चयन करेंगे:

- पाठ्यक्रम (कोर्स) की अवधि के लिए प्रति सप्ताह ४ घंटे प्रतिबद्ध रहने की उपलब्धता की आधार पर।
- लाइव सेशन की समय की मांग के अनुसार।
- भाषा और अनुवाद की आवश्यकता।
- यदि पंजीकरण में आपके समुदाय या संगठन से २–३ अन्य लोग शामिल हैं।

आपकी भागीदारी और लाइव सत्र के समय की पुष्टि के लिए, जून के पहले सप्ताह में हम पंजीकरणकर्ताओं से ईमेल द्वारा संपर्क करेंगे। हम उन लोगों को भी सूचित करेंगे जिनका चयन नहीं हुआ है।

**<u>यह ‘सीखने की जगह’ किसके लिए है?</u>**

| **यह ‘सीखने की जगह’ इनके लिए है:** | **यह ‘सीखने की जगह’ इनके लिए <u>नहीं</u> हैं:** |
|---|---|
| भूमि कार्यकाल अधिकार धारक, जो RRI गठबंधन के भागीदार या सहयोगी हैं और/या वे लोग जो राष्ट्रीय या क्षेत्रीय संस्था / संगठनों में, आजीविका विकास के लिए सीधे स्थानीय अधिकार सुनिश्चित करने का काम करते हैं या अधिकार धारकों के समर्थन में साथ में ख़डे होने वाले। | ऐसे लोग जो किसी भी विशिष्ट स्थानीय समुदाय और/या उनके अधिकार के लिए या अधिकार धारकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से काम नहीं कर रहे हैं |
| अपने समुदायों में आजीविका की पहल शुरू करने या उसे मजबूत करने में रुचि रखने वाले अधिकार धारक और/या नई आजीविका की पहल शुरू करने के लिए समुदायों के साथ मिलकर उनका समर्थन करने वाले परियोजना प्रबंधक भी इसका हिस्सा बन सकते हैं। | ऐसे समुदाय के सदस्य या संस्था / संगठन, जिनके पास पहले से ही आजीविका की उन्नत / विकसित परियोजनाएँ हैं। |
| समुदाय में उभरते हुए नेता / नेतृत्वकर्ता और ऐसे लोग जो आजीविका की नई पहल को विकसित करने की बेहतर समझ बनाने में रुचि रखते हैं। | आजीविका के क्षेत्र के विशेषज्ञ |
| कोई ऐसे व्यक्ति जो सीखी हुई बातों को किसी विशिष्ट स्थानीय समुदाय के साथ साझा कर सके, उनके विकास के लिए इस सीख को लागू कर सके। | कोई ऐसी व्यक्ति जो किसी विशिष्ट कार्यक्षेत्र में, स्थानीय स्तर पर काम नहीं करते है। |